भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4490
(दिनांक 19.07.2019 को उत्तर देने के लिए)

आकाशवाणी और दूरदर्शन स्टूडियो

4490. श्री भागीरथ चौधरी:

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में जिन स्थानों पर आकाशवाणी और दूरदर्शन के स्टेशन स्थापित किए गए हैं उनका राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इस तरह के स्टूडियो स्थापित करने के लिए कोई मानदंड निर्धारित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या वर्तमान में अजमेर (राजस्थान) में आकाशवाणी और दूरदर्शन के रिले स्टेशन कार्यरत हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का अजमेर (राजस्थान) में इसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को देखते हुए दूरदर्शन और आकाशवाणी के नए स्टूडियो स्थापित करने का विचार है;

(ङ) यदि हां, तो इन्हें कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा सूचना और प्रसारण मंत्री
(श्री प्रकाश जावड़ेकर)

(क): प्रसार भारती ने सूचित किया है कि देशभर में 479 आकाशवाणी स्टेशन हैं। आकाशवाणी स्टेशनों के स्थानों का ब्यौरा http://prasarbharati.gov.in/pbcircular/Administration660472.pdf पर उपलब्ध है। देशभर में दूरदर्शन के 66 स्टूडियो केंद्र और 635 ट्रांसमीटर हैं। राज्य-वार ब्यौरा http://prasarbharati.gov.in/pbcircular/Administration210200.pdf पर उपलब्ध है।

(ख): आकाशवाणी केंद्रों को प्रसारण की 3 स्तरीय प्रणाली नामत: राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय स्तरों पर स्थापित किया गया है। उच्च शक्ति मीवे ट्रांसमीटर और बड़े स्टूडियो वाले रेडियो स्टेशनों को महानगरों, राज्य की राजधानियों और राज्यों के मुख्य शहरों में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय प्रसारण हेतु स्थापित किया गया है। इसी प्रकार, एफएम ट्रांसमीटर अथवा 1 किवा मीवे वाले ट्रांसमीटर और स्टूडियो वाले छोटे रेडियो स्टेशनों को स्थानीय स्तर पर कवरेज प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया तथा रिले स्टेशन को कार्यक्रम नीति के अनुसार अन्य स्टेशनों के कार्यक्रमों का प्रसारण करने के लिए स्थापित किया गया है।

दूरदर्शन ने देश के राज्यों के राजधानी शहर, कुछ केंद्र शासित प्रदेश, प्रमुख शहरों व पिछड़े क्षेत्रों में अपना स्टूडियो स्थापित किया है।

(ग): अजमेर (राजस्थान) में आकाशवाणी के 200 किवा मीडियम वेब (मीवे) और 5 किवा फ्रीक्वेंसी मॉड्यूलेशन (एफएम) ट्रांसमीटरों की क्षमता वाला रिले केंद्र कार्यशील है। इसके अतिरिक्त, अजमेर में दूरदर्शन के दो उच्च शक्ति ट्रांसमीटर कार्यशील हैं।

(घ) से (च): आकाशवाणी जयपुर के कार्यक्रम अजमेर में स्थापित कार्यशील ट्रांसमीटर के माध्यम से अजमेर में उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, डीडी राजस्थान, राजस्थान के प्रत्येक क्षेत्र के लिए कार्यक्रमों/समाचार के प्रसारण हेतु चौबीस घंटे का समर्पित सैटेलाइट चैनल है। अजमेर में दूरदर्शन अथवा आकाशवाणी स्टूडियो की स्थापना का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****